तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि

कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4

कलेक्टर ने विद्यार्थियों से हल कराएं गणित के सवाल



खबर संक्षेप


संभाग स्तरीय युवा कर्मा महोत्सव प्रतियोगिता



बैकुण्ठपुर। संभाग स्तरीय युवा कर्मा महोत्सव प्रतियोगिता में पोड़ी बचरा कदम बहरा नव युवक जन सेवा समिति ग्राम पंचायत कदम बहरा में आयोजित संभाग स्तरीय युवा कर्मा महोत्सव प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल ने करम देव की विधिवत पूजा अर्चना की एवं कर्मा लोक नृत्य में सहभागिता किए कर्मा पर्व आदिवासी लोक सांस्कृतिक, प्रकृति प्रेम, आस्था और सामुदायिक एकता का जीवंत प्रतीक है कर्म वृक्ष की पूजा कर हम प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं तथा सुख समृद्धि अच्छी फसल और परिवार एवं समाज की खुशहाली की कामना करते हैं संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से आए करमा दलों ने पारंपरिक वेशभूषा, मांदर की थाप और मनमोहक करमा नृत्य के माध्यम से हमारी समृद्ध लोक परंपरा की सुंदर झलक प्रस्तुत किए करमा गीत और नृत्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही संस्कृति, परंपरा और प्रकृति से जुड़ाव की अभिव्यक्ति है इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा, जिला पंचायत सदस्य सुषमा कोराम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कलावती मरकाम, कांग्रेसी नेता नरेश जायसवाल, शीतल सिंह, बसंत सिंह, रामकुमार, जितेंद्र, कमलेश, उदित नारायण, उर्मिला सिंह मार्को, लाल दास महंत एवं अन्य नेता उपस्थित रहे।

रफीक बने जिला कांग्रेस कमेटी एमसीबी के प्रतिनिधि

मनेन्द्रगढ़। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत की अनुशंसा पर पूर्व जनपद सदस्य एवं जिला कांग्रेस महामंत्री रफीक मेमन को जिला कांग्रेस कमेटी एमसीबी का अधिकृत प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति में पूर्व विधायक गुलाब कमरो एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव की सहमति भी रही। संगठन की ओर से मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियों ने मेमन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। नवीन दायित्व के तहत रफीक मेमन निर्वाचन संबंधी बैठकों, चुनावी तैयारियों, चुनावी समीकरणों तथा संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जिला प्रशासन एवं निर्वाचन कार्यालय के समक्ष जिला कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधित्व करेंगे।



पंचायतों में क्यूआर कोड है पारदर्शिता की नई मिसाल



बैकुण्ठपुर। सेवा संकल्प अभियान का मूल उद्देश्य है कि प्रत्येक व्यक्ति देश के विकास में और विकास की प्रत्येक गतिविधि में शामिल हो। यह तभी संभव है जब सारे विकास के कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ हों। पारदर्शिता को अपनाते हुए विकसित भारत जीरामजी योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में अब ग्राम पंचायत में वीबीजीरामजी योजना के लाभ से लेकर उसके अनुमेय कार्यों का विवरण भी एक स्कैन दूर है। आज जिले के सभी ग्राम पंचायतों में वीबीजीरामजी योजना के अंतर्गत रोजगार सह आवास दिवस मनाया गया। इस दौरान श्रमिकों ने क्यूआर कोड स्केन कर नई जानकारी हासिल की तथा कार्य की मांग और आवश्यकताओं को चिन्हित किया गया और साथ ही आवास हितग्राहियों के भी तकनीकी समस्याओं को निराकृत किया गया। ग्राम पंचायतों में जागरूकता का प्रमाण सहजता से देखा जा सकता है।

पौन घंटे की बारिश से सड़कें हुईं तरबतर, धान की फसल को मिली संजीवनी

मौसम ने फिर बदली करवट, कोरिया-एमसीबी में झमाझम बारिश, जनजीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बारिश के मौसम की विदाई के समय एक बार फिर मौसम ने करवट बदली है। इसके चलते बुधवार को अपराह्न कोरिया-एमसीबी जिले के कई क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश हुई। करीब पौन घंटे तक हुई बारिश से पूरा क्षेत्र तरबतर हो गया। कई दिनों के अंतराल के बाद हुई बारिश से जहां लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली, वहीं वर्तमान में बालियां निकल रही धान की फसल के लिए भी इसे लाभकारी माना जा रहा है। इसके एक दिन पूर्व मंगलवार सुबह जिले के कई क्षेत्रों में बूंदाबांदी के साथ हल्की बारिश हुई थी।

मौसम में बदलाव को लेकर मौसम विभाग ने पूर्व में ही बारिश की संभावना जताई थी। बुधवार सुबह मौसम पूरी तरह साफ था, लेकिन दोपहर बाद आसमान में बादल उमड़ने-घुमड़ने लगे। इसके बाद अपराह्न में गरज-चमक के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया। जानकारी के अनुसार जनपद बैकुण्ठपुर और सोनहत के अधिकांश क्षेत्रों में पहले हल्की बारिश हुई, जिसके बाद कुछ देर तक झमाझम बारिश होती रही। करीब पौन घंटे की बारिश के बाद सड़कों पर पानी का बहाव शुरू हो गया। अचानक हुई बारिश के कारण कुछ समय के लिए सड़कों पर लोगों की आवाजाही भी प्रभावित रही। शहर सहित बाहरी क्षेत्रों के मुख्य मार्गों पर जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई। बारिश थमने के बाद मौसम कुछ देर खुला, लेकिन शाम ढलने के बाद भी जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर सहित जिले के कई क्षेत्रों में बारिश का दौर जारी रहा।





बारिश के बाद मौसम में घुली ठंडक

बुधवार को कुछ देर हुई अच्छी बारिश के बाद मौसम खुलने पर वातावरण में ठंडक घुल गई। बारिश के बाद चली ठंडी हवाओं से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। शाम के समय मौसम खुशनुमा हो गया और लोगों ने बदले मौसम का आनंद लिया।

धान की फसल को मिली संजीवनी

कई दिनों के अंतराल के बाद हुई झमाझम बारिश को धान की फसल के लिए लाभकारी माना जा रहा है। बारिश के दौरान तेज हवाएं नहीं चलने के कारण धान की फसल को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। वर्तमान में जिले के अधिकांश क्षेत्रों में धान की फसल में बालियां निकलने लगी हैं। ऐसे समय में हल्की बारिश फसल के लिए फायदेमंद मानी जाती है। हालांकि तेज बारिश होने पर फूट रही धान की बालियों के परागकण प्रभावित होने की आशंका रहती है। इस वर्ष पर्याप्त बारिश होने के कारण जिले के अधिकांश क्षेत्रों में धान की फसल अच्छी स्थिति में है। किसानों के अनुसार अब फसल को अत्यधिक बारिश की आवश्यकता नहीं है। ऐसे में आगे तेज बारिश होती है तो तैयार हो रही धान की फसल को नुकसान होने की आशंका बनी रह सकती है।

जंगली सूअर के शिकार के लिए फैलाया करंट, चार गिरफ्तार




बिजुरी। जिले के बिजुरी वन परिक्षेत्र अंतर्गत भेंडरीतलैया के जंगल में जंगली सुअर के शिकार के मामले में वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोप है कि आरोपियों ने जंगली सुअर का शिकार करने के लिए 11 केवी हाईटेंशन बिजली लाइन से अवैध कनेक्शन लेकर करीब तीन किलोमीटर क्षेत्र में करंट फैला दिया था। इसी करंट की चपेट में आने से जंगली सुअर की मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर बिजुरी वन परिक्षेत्र की टीम ने संबंधित क्षेत्र में पहुंचकर जांच-पड़ताल की। कार्रवाई के दौरान वन विभाग ने शिकार में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, बिजली के तार, खूंटियां तथा जंगली सुअर की जली हुई हड्डियों के अवशेष बरामद किए। बरामद सामग्री और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर वन विभाग ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 2, 9, 39, 50 एवं 51 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। वन्यजीव के शिकार के लिए हाईटेंशन बिजली लाइन से अवैध रूप से करंट फैलाने की घटना को वन विभाग ने गंभीरता से लिया है। करीब तीन किलोमीटर क्षेत्र में करंट फैलाए जाने के आरोप ने न केवल वन्यजीव सुरक्षा, बल्कि मानव एवं पशु सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंता पैदा की है। वन विभाग द्वारा मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

बाड़ी को घेरकर उगा रहा था गांजा, 14 पौधे जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

ग्राम गांजर में घर की बाड़ी को कपड़े से चारों ओर से घेरकर गांजा के पौधों की अवैध खेती किए जाने का मामला सामने आया है। मुखबिर की सूचना पर जनकपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बाड़ी में छापामार कार्रवाई की और गांजा के 14 पौधे बरामद किए। इनका कुल वजन 18 किलो 690 ग्राम बताया गया है।



पुलिस ने पौधों को विधिवत जब्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार थाना जनकपुर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम गांजर निवासी हरि लाल पिता रामकुमार (52) अपने घर की बाड़ी में अवैध रूप से गांजा के पौधे लगा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बाड़ी की तस्दीक की। इस दौरान बाड़ी को कपड़े से चारों तरफ से घेरा हुआ



पाया गया। पुलिस के मुताबिक, बाड़ी को इस तरह घेरकर रखा गया था कि बाहरी लोगों का अंदर आना-जाना मुश्किल हो और पौधों की आसानी से देखभाल की जा सके। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने बाड़ी में प्रवेश का रास्ता बनाया और विधिवत छापामार कार्रवाई की। तलाशी के दौरान बाड़ी से गांजा के कुल 14 पौधे बरामद हुए। पुलिस ने बरामद पौधों का कुल वजन 18 किलो 690 ग्राम होना बताया है। सभी पौधों को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटांसेज एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी हरि लाल के विरुद्ध धारा 20(ए) एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। कार्रवाई एसडीओपी अरविंद खलखो के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक विजय सिंह के नेतृत्व में की गई। टीम में सहायक उपनिरीक्षक दिनेश चौहान, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक मनीष साहू, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक कमलेश मरकाम, प्रधान आरक्षक संदीप बागीस, आरक्षक सूर्यपाल सिंह, आरक्षक संजय सिंह एवं महिला आरक्षक राजकुमारी मरकाम शामिल रहे। जनकपुर पुलिस ने कहा है कि क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की खेती, बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

कॉलरी के क्वार्टर में चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

जिले के चरचा थाना क्षेत्र में क्वार्टर में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराध दर्ज होने के महज तीन घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की रकम से खरीदा गया मोबाइल फोन तथा नगदी बरामद की है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दिनांक 6 अक्टूबर 2026 को स्टाफ कॉलोनी चरचा निवासी अमन सिंह ने थाना चरचा पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि उसकी मां 5 अक्टूबर को चरचा आरओ ऑफिस में काम करने के लिए सुबह करीब 10 बजे घर से गई थीं। दोपहर करीब 2 बजे जब वह खाना खाने के लिए वापस घर पहुंचीं तो घर के पीछे बाथरूम के पास स्थित रोशनदान टूटा हुआ मिला। घर के अंदर जाकर देखने पर अलमारी में रखी नगदी रकम गायब मिली। बताया गया कि चोर अलमारी से 50 और 100 रुपये के नोटों के रूप में करीब 15 हजार रुपये नगद तथा घर में रखा फल व अन्य खाने-पीने का सामान चोरी कर ले गया था। शिकायत पर थाना चरचा में अपराध क्रमांक 151/2026, धारा 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस को संदेही शमशेर बसोर उर्फ गगन बसोर, पिता दिलीप बसोर, निवासी घुटरी दफाई चरचा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। पुलिस को सूचना मिली कि संदेही ने चोरी की रकम से मोबाइल फोन खरीदा है तथा शेष रकम खर्च कर रहा है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने के बाद उनके निर्देश एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चरचा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर संदेही को तलब कर पूछताछ की गई। पूछताछ में संदेही ने प्रार्थी के घर में चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी के पेश करने पर चोरी की रकम से खरीदा गया करीब 7,500 रुपये कीमत का मोबाइल फोन तथा 970 रुपये नगद बरामद कर जब्त किए गए। मामले में आरोपी शमशेर उर्फ गगन बसोर, पिता दिलीप बसोर, उम्र 22 वर्ष, निवासी घुटरी दफाई चरचा को 6 अक्टूबर 2026 को शाम 4:10 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।



विशाल कलाकृति बनी आकर्षण का केंद्र

मनेन्द्रगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन एमसीबी के सहयोग से शा स की य वि वे का नं द स्ना त को त्त र म हा वि द्या ल य, मनेंद्रगढ़ के प्रांगण में आज जिला स्तरीय रंगोली राष्ट्र/भारत मंडला का भव्य आयोजन किया गया।



महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. श्राबनी चक्रवर्ती के कुशल संरक्षण एवं मार्गदर्शन में महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं के अथक प्रयासों से तैयार की गई 7676 फीट आकार की विशाल गोलाकार रंगोली ने पूरे क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बना दिया। विविध आकर्षक रंगों से सजी इस भव्य कलाकृति में भारत सरकार की विभिन्न दूरदर्शी ए वं जनकल्याणकारी योजनाओं को कलात्मक ढंग से प्रदर्शित कर योजनाओं के माध्यम से देश के विकास और जनसेवा की तस्वीर को जीवंत स्वरूप दिया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दोपहर 12 बजे छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया।

राज्य स्तरीय रोजगार मेला का साक्षात्कार आज

बैकुण्ठपुर। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के 08 अक्टूबर को स्थान बलबीर सिंह जुनेजा, इंडोर स्टेडियम, बुढ़ापारा, रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी की लगभग 8000 पदों में चयन हेतु साक्षात्कार लिया जायेगा। राज्य स्तरीय रोजगार मेला में कोरिया जिले के आवेदकों का साक्षात्कार 08 अक्टूबर को किया जाएगा।

पिकअप वाहन से टकराई बाइक, छात्र की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजुरी

रोड के फुलवारी टोला में हादसा

थाना क्षेत्र के समीपवर्ती आमाडाऔड़ रोड से लगे फुलवारी टोला में मंगलवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 18 वर्षीय 12वीं कक्षा के छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया।

घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क पर जाम लगाकर अपना विरोध जताया। मृतक की पहचान ग्राम हर्री निवासी ललित केवट, पिता बृजेश केवट के रूप में हुई है। ललित मलगा हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं का छात्र था। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 10:45 बजे ललित केवट अपने गांव हर्री से बाइक पर सवार होकर स्कूल जाने के लिए निकला था। बताया जा रहा है कि बाइक पर तीन युवक सवार थे। इसी दौरान आमाडांड़ रोड के फुलवारी टोला के पास बाइक आगे चल रहे पिकअप वाहन से टकरा



गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक के आगे एक पिकअप वाहन जा रहा था। इसी दौरान सामने से टेलर वाहन आने के कारण पिकअप चालक ने अचानक अपनी गति धीमी कर दी। पीछे से तेज गति से आ रही बाइक पिकअप वाहन से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार उसकी चपेट में आ गए। हादसे में ललित केवट की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं घटना में थाना प्रभारी रामनर सुमित कौशिक ने कहा कि मामले पर मर्ग कायम कर लिया गया है। आगे की जांच जारी है।

हादसे के बाद सड़क पर लगा जाम

घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। छात्र की मौत से लोगों में आक्रोश फैल गया और ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। हादसे में शामिल वाहनों के संबंध में भी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। घटना से मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है।

रामानुज मिनी स्टेडियम से निकली यात्रा

ओड़गी नाका में विकसित भारत सेवा ज्योति चौक की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के शासन प्रमुख के रूप में जनसेवा के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बैकुंठपुर के रामानुज स्वामी स्टेडियम में विकसित भारत सेवा ज्योति सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए।

विकसित भारत सेवा ज्योति सभा को नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। इससे पूर्व भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने देशभर के कार्यकर्ताओ एवं देशवासियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों की जनसेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण की यात्रा पर प्रकाश डाला। बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने गांव, गरीब और किसान के जीवन में व्यापक परिवर्तन किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सामान्य कार्यकर्ता से लेकर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेतृत्व तक की अपनी यात्रा में यह सिद्ध किया है कि दृढ़ संकल्प, परिश्रम और राष्ट्र प्रथम की भावना से बड़े से बड़ा लक्ष्य



प्राप्त किया जा सकता है। विकसित भारत सेवा ज्योति सभा के पश्चात रामानुज स्वामी स्टेडियम से सेवा ज्योति कलश यात्रा प्रारंभ हुई। ओड़गी नाका पहुंचने पर सेवा ज्योति कलश यात्रा का समापन हुआ। यहां मुख्य अतिथि एवं सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज द्वारा ओड़गी नाका स्थित चौक को विकसित भारत सेवा ज्योति चौक के रूप में स्थापित एवं समर्पित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े, सरगुजा संभाग प्रभारी अम्बिकेश केसरी, जिला संगठन प्रभारी ललन प्रताप सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्ण बिहारी जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, सहकारी बैंक उपाध्यक्ष जगदीश साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, जनपद पंचायत सोनहत अध्यक्ष आशा देवी सोनपाकर, नगर पंचायत पटना अध्यक्ष गायत्री सिंह, जनपद पंचायत बैकुंठपुर उपाध्यक्ष प्यारे लाल साहू, बसंत राय, अशोक जायसवाल, रविशंकर राजवाड़े, चुन्नी पैकरा, पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, शैलेष शिवहरे, जिला मंत्री शिव कुमारी सोनपाकर, प्रदीप तिवारी, तीरथ राजवाड़े मंजू जिवानानी, मनोज साहू, गोकरण शुक्ला, वर्षा साहू, गणेश यादव, जिपं सदस्य गीता राजवाड़े आदि मौजूद थे।

खराब नेटवर्क को आयोग ने माना सेवा में कमी

बैकुण्ठपुर। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बैकुण्ठपुर ने टेलीकॉम कंपनी के खराब नेटवर्क को सेवा में कमी मानते हुए परिवादी के पक्ष में फैसला सुनाया है। आयोग ने संबंधित टेलीकॉम कंपनी को परिवादी को 14 हजार रुपए क्षतिपूर्ति देने का आदेश 7 अक्टूबर को जारी किया। इसमें 10 हजार रुपए सेवा में कमी के लिए क्षतिपूर्ति और 4 हजार रुपए वाद व्यय के रूप में देने के निर्देश दिए गए हैं।

राशि 60 दिनों के भीतर जिला उपभोक्ता आयोग, बैकुण्ठपुर के खाते में जमा करनी होगी। निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं करने पर 10 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति राशि पर 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना होगा। आयोग के पारित आदेश के अनुसार बैकुण्ठपुर



■ उपभोक्ता को 14 हजार क्षतिपूर्ति 60 दिन में राशि जमा करनी होगी

जनपद अंतर्गत ग्राम सलका निवासी अभिनव पाण्डेय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र हैं और संबंधित टेलीकॉम सेवा के नियमित उपभोक्ता थे। उनके निवास क्षेत्र में कई महीनों से नेटवर्क की समस्या बनी हुई थी। समस्या को लेकर अभिनव पाण्डेय ने 21 सितंबर 2023 को संबंधित कंपनी के अपीलीय प्राधिकारी को ई-मेल के माध्यम से शिकायत की।

खबर संक्षेप

बसदेई नाला में पुलिया निर्माण की मांग, 60-70 परिवारों को मिलेगी आवागमन की सुविधा

राजपुर। जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत पहाड़खड़वा के डाड़खड़वा कोरवापारा पहुंच मार्ग में बसदेई नाला पर पुलिया निर्माण की मांग ग्रामीणों ने की है। ग्रामीणों का कहना है कि नाला पर पुलिया नहीं होने के कारण कोरवापारा के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विशेषकर बारिश के मौसम में नाले में पानी बढ़ जाने से मार्ग बाधित हो जाता है और ग्रामीणों का मुख्य मार्ग से संपर्क प्रभावित हो जाता है। ग्रामीणों देवनाथ, बुधराम, पवन, सुखराम, दिनेश पहाड़ी कोरवा के अनुसार डाड़खड़वा कोरवापारा में करीब 60 से 70 परिवार निवास करते हैं। इन परिवारों के लिए बसदेई नाला पार कर आवागमन करना मजबूरी है। बरसात के दिनों में नाले में पानी का बहाव तेज होने पर पैदल आवागमन भी जोखिम भरा हो जाता है। इससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और मरीजों को विशेष परेशानी होती है। आवश्यक कार्यों के लिए ग्रामीणों को लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से यहां पुलिया निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस पहल नहीं हो सकी है। पुलिया निर्माण होने से कोरवापारा सीधे पहुंच मार्ग से जुड़ जाएगा और ग्रामीणों को वर्षभर सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए बसदेई नाला पर पुलिया निर्माण की स्वीकृति जल्द प्रदान की जाए। उन्होंने मीडिया के माध्यम से भी प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकृष्ट कराया है।

विकलांग एकता संघ के प्रदेश अध्यक्ष रक्तदान कर बचाई मरीज की जान

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ विकलांग एकता संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुमन्त प्रजापति ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चौथी बार रक्तदान किया।



उन्होंने ग्राम मसगा निवासी सुखराम कुम्हारिया की माता विफनी बाई के लिए रक्तदान कर सेवा की मिसाल पेश की। मरीज को रक्त की आवश्यकता होने की जानकारी मिलने पर सुमन्त प्रजापति ने तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंच कर रक्तदान किया। समय पर रक्त उपलब्ध हो जाने से मरीज विफनी बाई (70 वर्ष) की जान बच सकी। ब्लड सेंटर अधिकारी द्वारा सुमन्त प्रजापति को रक्तदान के लिए प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सुमन्त प्रजापति ने कहा कि रक्तदान महादान है। जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए स्वस्थ व्यक्तियों को आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। सुमन्त प्रजापति के इस सेवाभावी कार्य की देखते हुए अस्पताल के वरिष्ठ डॉ. रेलवानी सहित अन्य अधिकारियों ने सराहना की।

महामना मालवीय मिशन द्वारा अर्जुन विषाद योग का पाठ



अम्बिकापुर। महामना मालवीय मिशन द्वारा समाजसेवी राजकुमार गुप्ता के निवास पर श्रीमद्भगवद्गीता के प्रथम अध्याय का सामूहिक पाठ किया तथा इसके दार्शनिक पक्ष पर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि गीता का प्रथम अध्याय केवल युद्ध भूमि में अर्जुन के विषाद का वर्णन नहीं करता बल्कि यह मनुष्य के भीतर चलने वाले द्वंद को सामने लाता है। अर्जुन का विषाद ही आगे चलकर आत्मज्ञान और कर्मयोग की आधारभूमि बनता है। दुर्गा प्रसाद तिवारी ने कहा कि कुरूक्षेत्र की युद्धभूमि में कौरव और पांडव सेनाएँ आमने-सामने खड़ी है। सामने पितामाह भीष्म, गुरू द्रोणाचार्य, भाई-बांधव, मित्र और संबंधियों को देखते हैं तो उनका मन विचलित हो जाता है। राम नारायण शर्मा ने कहा कि अर्जुन के मन में यह प्रश्न उठता है कि अपने ही स्वजनों को मारकर प्राप्त राज्य और विजय का क्या महत्व है। वे कुलनाश, सामाजिक व्यवस्था के विघटन और पाप की आशंका व्यक्त करते हुए युद्ध से विमुख हो जाते हैं। राजकुमार गुप्ता ने कहा कि यह मनुष्य की संवेदनशीलता और उसके नैतिक द्वंद का चित्रण है। अर्जुन महान योद्धा होते हुए भी संबंधों के मोह और परिणाम की चिंता से अपने कर्तव्य को लेकर भ्रमित हो जाते हैं। राज नारायण द्विवेदी ने कहा कि अर्जुन का विषाद ही गीता के ज्ञान का प्रवेश द्वार बनता है। प्रथम अध्याय हमें विषाद से विवेक और मोह से आत्मबोध की ओर ले जाता है। जय प्रकाश चौबे ने कहा कि मनुष्य जब मोह, ममता और कर्तव्य के बीच उलझता है तब विवेक का सहारा ही उसे सही मार्ग दिखाता है। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं की छात्रा कुमार राधा द्विवेदी ने भगवान श्रीकृष्ण की दुविधा विषय पर कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म कारागार की चारदीवारी की प्रेरणा देता है। बाल्यकाल से लेकर जीवन के अंतिम समय तक उनके जीवन के अनेक प्रसंग मनुष्य को कठिन परिस्थितियों में धैर्य, विवेक और कर्तव्य का पालन करने की सीख देते हैं। कार्यक्रम में डॉ बीके सिंह, हरिशंकर सिंह, अशोक सोनकर, सचिदानंद पाण्डेय, जेपी गुप्ता, डॉ.जीके अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

अधिकांश स्ट्रीट लाइट खराब, झाड़ियों से हादसे का खतरा

नगर पंचायत की बदहाली पर लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

बारिश के बाद नगर पंचायत की हालत न सिर्फ बदहाल हो चुकी है बल्कि लोगों की परेशानी का सबब बन गया है। आलम यह है कि नगर के मुख्य मार्ग स्थित अधिकांश स्ट्रील लाइट खराब है तो वहीं साफ सफाई के अभाव में नालियों से आ रहे दुर्गंध से लोग परेशान है। हैरानी की बात तो यह है कि सड़क की अधिकांश लाइट लंबे समय से खराब पड़े और नालियों की सफाई नहीं हो सकी। ऐसा नहीं है कि संबंधित विभाग को इसकी जानकारी नहीं है बावजूद इसके मरम्मत व सफाई नहीं होने से लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गए है जिसे लेकर नगर वासियों में काफी नाराजगी है।

खास बात
- नालियो की दुर्गंध से लोगों की बढ़ी परेशानी

नगर पंचायत प्रतापपुर क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की बदहाली को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। समलेश्वरी मंदिर से लेकर नगर पंचायत कार्यालय तक सड़क किनारे लगी स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से खराब पड़ी हैं। ऐसे में रात के समय सड़क पर अंधेरा छाया रहता है और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रात के समय पर्याप्त रोशनी नहीं होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत क्षेत्र में लगी स्ट्रीट लाइटें कुछ ही वर्षों में बदहाल हो गई हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इनके रखरखाव और मरम्मत की ओर लंबे समय से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर में प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ सफाई व्यवस्था भी प्रभावित है, जिससे लोगों में काफी नाराजगी है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत प्रशासन से खराब स्ट्रीट लाइटों की तत्काल मरम्मत, नालियों की सफाई तथा झाड़ियों की कटाई कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि नगर की साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाओं पर तत्काल ध्यान दिया जाना चाहिए।



झाड़ियों के बीच स्थित ट्रांसफार्मर व खराब स्ट्रीट लाइट।

ट्रांसफार्मर के पास झाड़ियां दे रही हादसे को न्योता

बारिश के बाद रैन बसेरा के समीप ट्रांसफार्मर के आसपास बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आई हैं। विद्युत उपकरणों के आसपास इस तरह झाड़ियों का बढ़ना सुरक्षा की दृष्टि से भी चिंता का विषय है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है, ऐसे में समय रहते सफाई और झाड़ियों की कटाई नहीं की गई तो कभी भ्झी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

बदबूदार नालियों से भी लोग परेशान

नगर के विभिन्न हिस्सों में नालियों की स्थिति भी खराब बताई जा रही है। कई जगह नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं और उनसे दुर्गंध उठ रही है। इससे आसपास रहने वाले लोगों के साथ-साथ राहगीरों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि नियमित सफाई और उचित रखरखाव नहीं होने के कारण नगर की व्यवस्था प्रभावित हो रही है और बीमारी का भी खतरा बढ़ गया है।

लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई

नगर को व्यवस्थित एवं सुसज्जित करने के लिए नगर पंचायत सीएमओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई होगी।

-रैना जमील
कलेक्टर सूरजपुर



मवेशी लोड पिकअप को छोड़ भागे तस्कर पशु तस्कर की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

रविवार की देर रात प्रेमनगर मार्ग पवनपुर बाजार घाट के समीप मुखबिर की सूचना पर रामानुजनगर पुलिस ने मवेशी से भरे पिकअप को पकड़ा। पुलिस के दबिश देने पर वाहन सवार अंधेरा का फायदा उठाते हुए जंगल की ओर फरार हो गए।

पुलिस पशु तस्करों की तलाश शुरू कर दी है। क्षेत्र में गश्त कर रहे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि पिकअप क्रमांक एमपी 53 जेडजी 7218 मवेशियों को लोड कर ले जा रहे है। सूचना पर पुलिस वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक पिकअप खड़ी कर रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए जंगल की ओर फरार हो गया। पुलिस द्वारा पिकअप वाहन की तलाशी लेने पर पांच भैंसा और एक भैंस बरामद हुई। वाहन के डाला को खोलने के दौरान एक भैंस जंगल की ओर भाग गया। रात का समय होने के कारण पुलिस को उसकी तलाश में सफलता नहीं मिल सकी। पुलिस ने पिकअप एवं बरामद पशुओं को ट्रैक्टर की मदद से थाने पहुंचाया। पुलिस ग्राउंड में पशुओं के लिए चारा-पानी की समुचित व्यवस्था की गई है। पुलिस के अनुसार मामले में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध संबंधित पशु संरक्षण/पशु क्रूरता संबंधी कानूनों के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस वाहन स्वामी तथा पशुओं के परिवहन से जुड़े अन्य संदिग्धों की तलाश कर रही है। कार्रवाई में बिसुन देव पैकरा, एसआई कृष्णा सिंह, मितेश मिश्रा, अजित सिंह, चन्द्रदेव मरावी एवं बिरन सिंह सक्रिय रहे।

एनएसयूआई ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जिला शिक्षा अधिकारी के निलबंन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम एवं रैली में विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को शामिल किए जाने के मामले ने अब राजनीतिक रूप ले लिया है इस मामले को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वाले जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू द्वारा सौंपे गए तीन पृष्ठीय ज्ञापन में बताया गया है कि जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों जिनमें नाबालिग छात्र-छात्राएं भी शामिल बताए गए हैं उनको 5 अक्टूबर को आयोजित एबीवीपी की कार्यक्रम रैली में शामिल किया गया ज्ञापन में कहा गया है कि विद्यार्थियों को शहर की सड़कों पर तेज धूप में रैली में शामिल कराया गया जिसे लेकर विद्यार्थियों की सुरक्षा, अभिभावकीय सहमति तथा शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। एनएसयूआई ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले को केवल एक राजनीतिक विवाद के रूप में न देखकर नाबालिग विद्यार्थियों के अधिकार,सुरक्षा और विद्यालयों की निष्पक्षता से जुड़े विषय के रूप में लिया जाए तथा तथ्यात्मक जांच कराई। ज्ञापन में उठाया गया है कि संबंधित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को उक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए किसके द्वारा निर्देशित किया गया था। एनएसयूआई ने कहा कि विद्यार्थियों की शिक्षा एवं सुरक्षा किसी भी राजनीतिक या संगठनात्मक गतिविधि से ऊपर है संगठन ने प्रशासन से यह सुनिश्चित करने की मांग की है कि भविष्य में किसी भी विद्यालय अथवा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं पर किसी राजनीतिक या संगठनात्मक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष दबाव न बनाया जाए एनएसयूआई ने जिला प्रशासन के सामने कुल 9 प्रमुख मांगें रखी हैं। ज्ञापन के अंतिम बिंदु में एनएसयूआई ने कहा है कि यदि जांच में यह प्रमाणित होता है कि विद्यालयीन नाबालिग छात्र-छात्राओं को राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल किया गया था तो इस पूरे मामले में संबंधित अधिकारियों की भूमिका और जिम्मेदारी की भी जांच की जानी चाहिए। एनएसयूआई ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जाए और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में विद्यार्थियों को किसी भी राजनीतिक अथवा संगठनात्मक गतिविधि में उनकी इच्छा या आवश्यक अनुमति के बिना शामिल किए जाने की पुनरावृत्ति न हो।

इस दौरान एनएसयूआई प्रदेश सचिव राजेश साहू,मुस्तफा खान, रूद्र प्रताप सिंह,शिवम साहू,यश साहू,दुर्गेश जायसवाल एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



स्कूल परिसर से धान खरीदी केंद्र हटाने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राओं की लगातार शिकायत और समस्या को लेकर प्रकाशित खबरों के बाद प्रतापपुर क्षेत्र की विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने रेंवटी स्थित धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। विधायक ने ग्रामीणों एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ धान खरीदी के लिए वैकल्पिक स्थल का निरीक्षण कर स्थल चयन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई।

- विधायक ने किया स्थल निरीक्षण

विधायक ने मौके पर शासकीय स्वामी आत्मानंद विद्यालय परिसर एवं खेल मैदान का भी निरीक्षण किया। वर्तमान में धान खरीदी केंद्र विद्यालय परिसर के खेल मैदान में संचालित होने के कारण विद्यार्थियों को अध्ययन एवं खेल गतिविधियों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। वहीं धान खरीदी के दौरान बाहरी लोगों और वाहनों की आवाजाही बढ़ने से विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण भी प्रभावित होने की शिकायत ग्रामीणों एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा की जा रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने धान खरीदी केंद्र के लिए अलग स्थल का निरीक्षण किया तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ स्थल चयन पर चर्चा की। विधायक ने कलेक्टर श्रीमती रेना जमील से चर्चा कर धान खरीदी केंद्र के लिए उपयुक्त स्थल को स्वीकृत करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। ग्रामीणों का कहना है कि धान खरीदी केंद्र को विद्यालय परिसर से हटाकर अलग स्थान पर संचालित करने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। अब विधायक के मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने और वैकल्पिक स्थल की प्रक्रिया शुरू कराने से किसानों, ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों में राहत की उम्मीद जगी है।



छात्रों ने बनाई विकास पर केंद्रित 76 वर्ग फीट की रंगोली

अम्बिकापुर। राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हॉकी खेल मैदान में 76 वर्ग फीट की एक विशाल रंगोली का निर्माण किया गया है। रंगोली की विषय वस्तु उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित की गयी थी। जिले के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के चयनित छात्रों ने दो दिन के प्रयास से रंगोली को आकार दिया। प्राचार्य डॉ.अनिल सिन्हा ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत जिस थीम पर रंगोली बनाई गई है वह देश के विकास और देश सेवा को परिलक्षित करती है। रंगोली देखने के लिए 7 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है।

फैंसी ड्रेस में नन्हों ने बिखेरी प्रतिभा, तालियों से गूंजा अग्रोहा भवन

सूरजपुर। महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत अग्रोहा भवन में चल रहे अग्रसेन सप्ताह में आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से खूब वाहवाही लूटी। बच्चों की आकर्षक वेशभूषा और आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों पर अग्रोहा भवन तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे प्रतिभागी कुदरगढ़ी मैया, श्याम बाबा, भगवान विष्णु और प्रेमानंद महाराज सहित विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्वरूपों में नजर आए। वहीं कई बच्चों ने जज, डॉक्टर, साइंटिस्ट सहित अलग-अलग पेशों का रूप धारण कर अपनी कल्पनाशीलता और प्रतिभा का परिचय दिया।

- अग्रसेन सप्ताह में उमड़ रहा समाज का उत्साह

बच्चों ने केवल वेशभूषा ही नहीं, बल्कि अपने पात्रों के अनुरूप संवाद और प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। नन्हे प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। अभिभावकों और समाजजनों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए जमकर तालियां बजाईं। अग्रवाल सभा के आतिथ्य में आयोजित अग्रसेन सप्ताह के दौरान अग्रोहा भवन में लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। खेलकूद, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में समाज के लोग बड़ी संख्या में सहभागिता कर रहे हैं। बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक हर आयु वर्ग की भागीदारी से महोत्सव सामाजिक एकता और उत्साह का केंद्र बना हुआ है। अग्रसेन जयंती महोत्सव के आयोजनों में सेवा, संस्कार, संस्कृति और सामाजिक एकजुटता की झलक देखने को मिल रही है। आने वाले कार्यक्रमों को लेकर भी समाजजनों में खासा उत्साह बना हुआ है।

आयुक्त के आदेश के बावजूद भूमि का रकबा दुरुस्त नहीं होने का आरोप

बलरामपुर। ग्राम लुरगी की पैतृक भूमि के राजस्व अभिलेखों में रकबा कम दर्ज किए जाने और सक्षम राजस्व न्यायालय के आदेश का पूर्ण पालन नहीं होने का आरोप लगाते हुए रामानुजगंज निवासी करीब 80 वर्षीय हासिम खान ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने संबंधित पटवारी के खिलाफ जांच एवं दोष पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई तथा राजस्व अभिलेखों को नियमानुसार दुरुस्त कराने की मांग की है।

- कलेक्टर से की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

आवेदन के अनुसार हासिम खान की पैतृक भूमि ग्राम लुरगी, तहसील रामानुजगंज में स्थित है। पुराना खसरा नंबर में भूमि का रकबा 4.47 हेक्टेयर बताया गया है, जबकि वर्तमान खसरा नंबर 1 से संबंधित रिकॉर्ड में कथित रूप से 1.94 हेक्टेयर रकबा दर्ज है। आवेदक का कहना है कि इस संबंध में वर्षों से राजस्व विवाद चल रहा है। आवेदक के अनुसार इस मामले में संभाग आयुक्त ने राजस्व अपील प्रकरण में 20 दिसंबर 2021 को आदेश पारित किया था। इसके बाद तहसीलदार रामानुजगंज द्वारा 17 जनवरी 2022 को आदेश के पालन के लिए संबंधित पटवारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। आरोप है कि इसके बावजूद राजस्व अभिलेखों में भूमि का पूरा रकबा दर्ज नहीं किया गया। हासिम खान ने कलेक्टर से मांग की है कि मामले की जांच वर्तमान संबंधित पटवारी से हटाकर किसी वरिष्ठ एवं स्वतंत्र राजस्व अधिकारी या जांच दल से कराई जाए।

रहीम भारतीय संस्कृति के कल्पवृक्ष पर मधुर वाणी बिखेरने वाले कोयल

अम्बिकापुर। सरगुजा हिन्दी साहित्य परिषद् द्वारा भारतेन्दु भवन में कवि रहीम पर आयोजित कार्यक्रम रहिमन धागा प्रेम का में हिंदी के युवा साहित्यकार डॉ.दीपक सिंह ने कहा कि रहीम ही मानवीय संस्कृति के कल्पवृक्ष पर मधुरवाणी बिखेरने वाले एक कोयल की तरह है। उन जैसे कवियों और कलाकारों से ही भारतीय संस्कृति की परंपरा इतनी सघन, विविधतापूर्ण और जीवंत है। इस परम्परा को बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

- रहिमन धागा प्रेम का कार्यक्रम में रहीम साहित्य पर चर्चा

कार्यक्रम में रहीम पर साहित्यकारों ने अपने विचार व्यक्त किये साथ ही रहीम की रचनाओं का सस्वर पाठ भी किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार प्रभुनारायण वर्मा ने कहा कि रहीम के दोहों में अद्भुत मिठास और अपनापन है। सामान्य वस्तुओं, पेड़-पौधों, जानवरों और घटनाओं से भी रहीम नीति की अद्भुत बातें निकाल लेते थे और रामायण, महाभारत और पौराणिक प्रसंगों को भी सामान्य जीवन से बड़ी कुशलतापूर्वक जोड़ लेते थे। कवि एवं कथाकार रमेश द्विवेदी ने रहीम की अन्य रचनाओं पर अत्यंत शोधपूर्ण व विशद व्याख्या की। उन्होंने रहीम के सोरठा, बरवै, धनाक्षरी, कवित्त, सवैया पद इत्यादि छन्दों की विशिष्टताओं व गुणों पर सटीक उदाहरणों सहित अपनी बात रखी। अंजनी पाण्डेय और अंजनी कुमार मिश्रा ने रहीम की अनेक रचनाओं का सुमधुर और मार्मिक पाठ किया। कृष्ण कुमार त्रिपाठी ने यथावसर रहीम के दोहों का सुप्रयोग करते हुए पूरे कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान वेदप्रकाश अग्रवाल, द्वितेंद्र मिश्रा, राजेश कुमार मिश्रा, महेश वर्मा, डॉ.मृदुला सिंह, हरिशंकर त्रिपाठी, बबनजी पाण्डेय, श्याम कश्यप बेचैन, डॉ.रिजवानुल्ला, निर्मल तिग्गा, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, त्रिभुवन सिंह, चंद्रशेखर तिवारी, विवेक दुबे, वंदना दत्ता आदि उपस्थित थे।



541.70 लाख की लागत से बनेगा 11 मीटर चौड़ा गौरव पथ

लखनपुर। नगर पंचायत के बहुप्रतीक्षित गौरव पथ निर्माण कार्य को छत्तीसगढ़ शासन से प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार नगर में 541.70 लाख रूपए की लागत से शासकीय अस्पताल से राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) तक गौरव पथ का निर्माण कराया जाएगा। बता दें कि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू तथा शासन के निर्देशों के अनुरूप इस महत्वपूर्ण परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी विद्यासागर चौधरी ने बताया कि गौरव पथ निर्माण के लिए आवश्यक निविदा प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है तथा शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। लगभग 11 मीटर चौड़े इस गौरव पथ के निर्माण से नगर की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

शासकीय कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों को मिले मौका, फूहड़ गानों पर लगे रोक : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजभाषा आयोग एवं संस्कृति विभाग द्वारा लोक कलाकारों के लिए सेवा संकल्प अभियान के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर मंजूषा भगत ने कहा की मेरे पास महापौर के नाते इतनी शक्ति नहीं है कि मैं तीज, त्यौहार, नवरात्रि, दशहरा में छत्तीसगढ़ के बाहर से आने वाले उन कलाकारों को रोक सकूं जो यहां विभिन्न आयोजनों के नाम पर फूहड़ता परोसते हैं। यदि निगम के तहत महापौर के पास ऐसी शक्तियां होती तो मैं ऐसे आयोजकों पर कार्रवाई करती और जुर्माना लगाती।

- लोक कलाकारों को किया गया सम्मानित

यह व्यक्तव्य उन्होंने फूहड़ गानों को लेकर शुरू हुई चर्चा पर अपना विचार रखते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि सरकार से यह भी खुले मन से निवेदन करूंगी की सरकारी कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों को ही मौका मिले, फूहड़ गानों पर रोक लगे। इस दौरान महापौर मंजूषा भगत खुद को भी नहीं रोक पायी और जितिया, करमा, सुग्गा के गीत उन्होंने अपने भाषा में गाया और कहा कि यही हमारी संस्कृति और पहचान है। ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने कहा कि यह आयोजन लोक कलाकारों के सेवा को सम्मान देने के उद्देश्य से है। निश्चित ही हम सब संगठित होकर, एकजुट होकर ही देश को समर्थ और विकसित बना सकते हैं। सरगुजा जिले एवं संभाग के लोक कलाकार रंजीत सारथी, गोपाल पांडेय, आयुष नामदेव, प्रकाश रसीला, राहुल पांडेय, कविता देवांगन, फलेंद्र सिंह, बबलू सरगुजिहा, आनन्द गुप्ता ने सरगुजा की लोक संस्कृति करमा, सुग्गा एवं जीवन से जुड़ी गीत, भजन, देशभक्ति गीत सहित ऐसे गीत गाये। वरिष्ठ साहित्यकार श्याम कश्यप बैचेन, संतोष दास सरल, रविन्द्र तिवारी, कृष्णकांत पाठक ने अपने देशभक्ति पूर्ण कवितायें प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का संचालन अम्बिकापुर विकास समिति के संयोजक अंचल ओझा एवं आभार प्रदर्शन जन शिक्षण संस्थान के निदेशक एम सिद्दीकी ने किया। इस दौरान सरस्वती महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ऋषि सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक सूरज कुमार, प्रवीण शर्मा, आराधना त्रिपाठी, रंजना द्विवेदी, नीलिमा जायसवाल, रितु सिंह, आयुष सिन्हा, सुरेश यादव, हीरालाल राजवाड़े, अनीशा गुप्ता, विवेक सिंह, संतलाल, पीजी कॉलेज की छात्राएं सीमा यादव, प्रियांशी राजवाड़े एवं सरस्वती महाविद्यालय की छात्र छात्राएं तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।



न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)
// ईश्तहार //
क्रमांक 99/वाचक / 2026
बैकुण्ठपुर दिनांक 06/10/2026

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी / नगरवासी ग्राम बैकुण्ठपुर को आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक श्याम लाल मरावी पिता राजेश्वर सिंह जाति गोड़ निवासी पुलिस लाइन बैकुण्ठपुर तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा शुभम मरावी निवासी पुलिस लाईन बैकुण्ठपुर का जन्म/मृत्यु दिनांक 14/03/2012 को होने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 21/10/2026 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 06/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर जिला- कोरिया छ.ग.



रजनीकांत की जेलर 2 में ऋतिक का होगा कैमियो

नई दिल्ली। जेलर 2 के ट्रेलर को लेकर सुर्खियां इस वजह से भी तेज हैं, क्योंकि इसमें एक बॉलीवुड सुपरस्टार के कैमियो की सीक्रेट झलक देखने को मिली है। फिल्मी सितारों का मूवीज में कैमियो करने का चलन सिनेमा जगत में लंबे अरसे से चला रहा है। अब इस मामले में नया नाम वॉर फिल्म अभिनेता ऋतिक रोशन का शामिल हो रहा है। जी हां ऋतिक ही वह बॉलीवुड सुपरस्टार हैं, जो रजनीकांत की अपकमिंग मूवी जेलर 2 में कैमियो रोल प्ले करते दिखेंगे। जेलर 2 के ट्रेलर में ऋतिक की बैक साइड से हल्की सी झलक देखने को मिली है। लेकिन उनकी कद-काठी और स्टाइल को देखकर ये साफ पता चल रहा है कि वह ऋतिक हैं।

लाइफ Style


तमन्ना

बार-बार सर्च करती हैं अपना नाम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फिल्म इंडस्ट्री में मात्र 15 साल की कम उम्र से अपने अभिनय सफर की शुरुआत करने वाली लोकप्रिय अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपने अब तक के लंबे करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। वर्ष 2005 की अपनी शुरुआती तस्वीरों से लेकर आज तक की इस पूरी विकास यात्रा को वह अपनी फिल्मों में जीवंत रूप से दर्ज होते हुए देखती हैं।

इस दौरान उन्हें इस बात का थोड़ा अफसोस भी है कि व्यस्त दिनचर्या के कारण उन्होंने कभी खुद के लिए पर्याप्त वक्त नहीं निकाला। एक विशेष साक्षात्कार में तमन्ना ने अपने इसी सिनेमैटिक सफर के कई अनछुए और दिलचस्प पहलू साझा किए। साक्षात्कार में जब यह सवाल पूछा गया कि क्या वह इंटरनेट पर खुद के बारे में सर्च (गूगल) करती हैं, तो उन्होंने बिना झिझक के स्वीकार किया, 'हर समय। मैं पूरे दिन खुद के बारे में गूगल करती रहती हूँ। मैं यह देखना और जानना चाहती हूँ कि लोग मेरे बारे में क्या बात कर रहे हैं। कभी-कभी सर्च करते वक्त बहुत ही मजेदार और फनी चीजें भी देखने को मिल जाती हैं।' इंटरनेट पर अपने बारे में लिखी जाने वाली बातों का जिक्र करते हुए वह निष्कर्ष देती हैं, 'कभी-कभी ऑनलाइन इतनी बेहतरीन और शानदार स्क्रिप्ट्स या समीक्षाएं पढ़ने को मिलती हैं, जिन्हें देखकर मन में आता है कि काश हमारी फिल्मों के लिए भी कोई ऐसे ही कमाल के लेखक दो-तीन अच्छी लाइनें लिख दें। लेकिन हाँ, यह सच है कि मैं हमेशा अपना नाम गूगल पर चेक करती रहती हूं।' अपने इस लंबे और व्यस्त कॅरियर को पीछे मुड़कर देखने पर अभिनेत्री को सबसे बड़ा मलाल खुद के लिए समय न निकाल पाने का है।



हॉलीवुड मसाला



द बैटमैन पार्ट-2 की शूटिंग ठप

लॉस एंजिल्स। निर्देशक मैट रीव्स की परिवारिक कारणों की वजह से फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग रोक दी गई है। इसकी जानकारी मेकर्स ने हाल ही में फैंस के साथ साझा की। फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग कुछ दिनों से लंदन में चल रही थी। मगर अब इसे रोक दिया गया है। फिल्म के निर्माता वार्नर ब्रदर्स और डीसी स्टूडियोज ने सोमवार को इसकी पुष्टि की जिससे इस सीक्वल को लेकर एक और नया मोड़ आ गया है, जिसकी रिलीज डेट पहले ही कई बार आगे बढ़ाई जा चुकी है।




अवेंजर्स डूम्सडे का नया पोस्टर मचा रहा खलबली

नई दिल्ली। 4600 करोड़ के बजट वाली फिल्म के खतरनाक विलेन का हैरतअंगज लुक रिलीज हो गया है। इस सुपरविलेन से लड़ने का काम 23 से ज्यादा सुपरहीरो करेंगे। हम बात कर रहे हैं अवेंजर्स डूम्सडे मूवी की. मलागा के कॉमिक-कॉन में अवेंजर्स डूम्सडे के डॉक्टर डूम और उनके दो साथियों का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। इस पोस्टर को रिलीज करते हुए मार्वल स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर लिखा है, 'सीधा मलागा कॉमिक कॉन से. चुड़ैलों का सीजन आ गया है। 18 दिसंबर 2026 को दुनियाभर के थिएटर्स में आ रही है अवेंजर्स डूम्सडे.' इस पोस्टर में डॉक्टर डूम के साथ उनकी बाकी साथी भी नजर आ रही हैं। अवेंजर्स डूम्सडे 18 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



नई नवेली का दूसरा गाना फटा पटाखा रिलीज

मुंबई। यामी गौतम की अपकमिंग फिल्म 'नई नवेली' का नया और दूसरा गाना 'फटा पटाखा' रिलीज हो चुका है। इससे पहले इसी फिल्म से 'भाभी तबाही' सॉन्ग रिलीज किया गया था। यामी गौतम धर की ये फिल्म 'दशहरा' पर रिलीज हो रही है। अब 6 अक्टूबर को फिल्म का ये नया गाना 'फटा पटाखा' रिलीज किया गया है जिसमें बहुत सारी मस्ती, मिस्ट्री के साथ बहुत सारा एंटरटेनमेंट का मसाला भी है। कहा जा रहा है कि फिल्म में लीड रोल में नजर आने वाली यामी गौतम धर पहली बार इस तरह के रोल में दिख रही हैं, जो इससे पहले उन्होंने कभी नहीं निभाया है। मेकर्स के मुताबिक उनकी इस फिल्म की कहानी इंडियन फैंटेसी फैमिली-एंटरटेनर की दुनिया को जिंदा करती है। 'फटा पटाखा' गाने की काफी लोगों ने तारीफ की है।



15 साल बाद एक साथ करीना-शाहरुख

नई दिल्ली। एक्ट्रेस करीना कपूर खान करीब 15 साल बाद शाह रुख खान के साथ फिर से स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आएंगी। खबर है कि एक्ट्रेस शाह रुख की आने वाली एक्शन-एंटरटेनर फिल्म 'किंग' में एक स्पेशल अपीयरेंस देंगी। करीना 'डैडी कूल' नाम के गाने में सुपरस्टार के साथ नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, करीना इस महीने के आखिर में साउथ अफ्रीका में शाह रुख के साथ इस स्पेशल गाने की शूटिंग करेंगी। बताया जा रहा है कि उन्होंने शूटिंग के लिए पांच दिन दिए हैं, और इसे बहुत बड़े पैमाने पर शूट करने की प्लानिंग है। 'डैडी कूल को एक बहुत ही खास गाने के तौर पर तैयार किया जा रहा है और इसमें शाह रुख और करीना को ऐसे अंदाज में साथ लाया जाएगा जैसा दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा होगा।

टीवी मसाला



सारा और बिग बी के बीच हुई शेरों शायरी की जुगलबंदी

नई दिल्ली। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान जल्द ही फिल्म 'उड़ता तीर' में नजर आएंगे। दोनों सितारे इस स्पाई कॉमेडी फिल्म का प्रमोशन करने अमिताभ बच्चन के क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' में पहुंचे। इस दौरान अमिताभ बच्चन ने आयुष्मान की खूब तारीफ की। वहीं, सारा अली खान और बिग बी के बीच शेरों शायरी की जुगलबंदी देखने को मिली। बिग बी ने फिल्म 'गुलाबो सिताबो' में आयुष्मान खुराना के साथ काम करने का किस्सा शेयर किया। आयुष्मान की तारीफ में अमिताभ बच्चन ने कहा, 'हमने इनके साथ एक फिल्म की थी 'गुलाबो सिताबो'। बहुत ही तैयारी करके ये आते थे। हमको लाइन याद करने में तकलीफ होती थी। एक तो हमें बूढ़ा बना दिया। डायरेक्टर ने कहा कि पूरी पिक्चर में आपको झुककर चलना है तो वैसे ही हम अपनी लाइन भूल रहे थे। मगर, इनमें इतना धैर्य था कि 'चलो यार बुढ़ऊ है, थोड़ा समय दे देते हैं। इनकी तरफ से कहीं भी गलती नहीं देखिएगा, इतना सुंदर अभिनय था इनका'। बिग बी से अपने लिए तारीफ के ये शब्द सुनकर आयुष्मान खुराना मुस्कुराने लगे और शुक्रिया की मुद्रा में हाथ जोड़ने लगे। इसके बाद आयुष्मान खुराना ने अमिताभ बच्चन और सारा अली खान के बीच शेरों-शायरी की महफिल सजवाई। दरअसल, एक्टर ने अमिताभ बच्चन से कहा, 'आपकी लेगेसी है, जहां से आप आए हैं। आप हरिवांश राय बच्चन जी के सुपुत्र हैं। महान कवि थे वे।

सुसाइड की कोशिश में कलाई की नस काट ली थी

नई दिल्ली। रियलिटी शो राइज एंड फॉल शो के दौरान भोजपुरी एक्ट्रेस काजल राघवानी ने अपनी लाइफ के एक डिफिकल्ट टाइम के बारे में बात की, उन्होंने बताया कि एक समय पर वो इतनी ज्यादा परेशान हो गई थीं कि उन्होंने अपनी जान लेने की कोशिश की थी।



दरअसल, शो के दौरान कंटेस्टेंट निहारिका तिवारी ने काजल के हाथ पर कलाई कटने का निशान देखा और उसके बारे में पूछा। तब काजल ने बताया, 'मैंने सुसाइड करते समय अपने हाथ की कलाई की नस काटी थी।' काजल राघवानी की इस बात ने वहां मौजूद सभी कंटेस्टेंट को चौंका दिया। वहीं, काजल की बात सुनते ही मनीष कश्यप उनसे कहते हैं, 'मैं इंजेक्शन से डरता हूं, यहां लड़कियां हाथ काट लेती हैं। आप लोगों को इतनी हिम्मत आ कहां से रही है। शिद्दत से प्यार करिए लेकिन अगर कोई भूल रहा है, तो उसे भूल जाओ।' हालांकि, काजल ने साफ किया कि ऐसा उन्होंने किसी के छोड़ जाने या प्यार में नहीं किया था बल्कि अपने लिए किया था।

साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर जारी

मुंबई। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही फिल्म 'तू है मेरी किरण' में नजर आएंगे। मंगलवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही पर्दे पर साथ काम करने नजर आएंगे। फिल्म का नाम है- 'तू है मेरी किरण'। यह एक रोमांटिक-साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। जहीर इकबाल एक जुनूनी आशिक के रोल में नजर आए हैं। फिल्म का ट्रेलर जारी हो चुका है। फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर सस्पेंस और थ्रिल से भरा है। कहानी प्यार-मोहब्बत वाली है, मगर यह प्यार एकतरफा है। एक तरफा प्यार, दूसरे के लिए आफत बनता है। कुछ ऐसा ही इस ट्रेलर में देखने को मिला है। जहीर इकबार सनकी आशिक के रोल में हैं। सोनाक्षी सिन्हा को वो इस कदर परेशान कर देते हैं कि वह अकेले छोड़ देने की गुजारिश करती हैं। ट्रेलर में जहीर इकबाल सोनाक्षी से कहते हैं, 'तुम जैसी लड़की के लिए मुझ जैसे लड़के के लिए प्यार करना बहुत मुश्किल है'। दोनों में जान-पहचान होती है। बातें होती हैं। एक दिन जहीर का किरदार प्रपोज कर देता है और कहता है, 'आई लव यू किरण'। सोनाक्षी का किरदार चौंकता है और हद में रहने को कहता है। जहीर का जवाब होता है, 'अगर यह एकतरफा प्यार हुआ तो दिल टूट जाएगा मेरा। तुम्हें भी मुझसे प्यार करना होगा किरण'। जुनूनी आशिक से तंग आकर सोनाक्षी कहती हैं, 'तुम्हें जो चाहिए, सब ले लो। मुझे अकेला छोड़ दो प्लीज'। किरण के साथ बहुत अजीब-अजीब घटनाएं घटती हैं। ट्रेलर में कुछ सस्पेंस भी है। हालांकि, इसका राज नहीं खुला है। क्या सस्पेंस है, यह फिल्म देखकर ही पता चलेगा। मगर, ट्रेलर काफी दिलचस्प है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल ट्रेलर पर दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है।



राजू ने याद किए बुरे दिन, चैनल बंद होने से डूब गए थे सारे पैसे, नहीं था कोई सहारा

नई दिल्ली। अभिनेता- निर्देशक राजू खेर ने सिद्धार्थ कनन से बातचीत में अपने पुराने वक्त को याद करते हुए कहा, 'एक समय था जब मैं बुरे दौर से गुजर रहा था। मैंने अपना घर बेच दिया था क्योंकि एक नया चैनल आने वाला था, इसलिए मैंने कहीं और एक फ्लैट खरीद लिया था। नया चैनल लॉन्च होने वाला था और कई लोग पायलट प्रोजेक्ट बना रहे थे, समझौते भी हो चुके थे। मैंने भी 'लाइफ के लिए कुछ भी करेगा' नाम का एक कार्यक्रम बनाया था। अचानक मुझे पता चला कि वह चैनल बंद हो गया है। फ्लैट बेचकर जो पैसे मिले थे, मैंने उस कार्यक्रम में लगा दिए थे। मुझे लगा था कि मेरी जिंदगी शानदार है, चार बेडरूम का घर है, परिवार के लिए सब कुछ तैयार है। फिर, चैनल गायब हो गया और किसी को पता नहीं चला कि क्या हुआ। उनके दरवाजे पर बस एक ताला लगा हुआ था।'



फिल्म और टेलीविजन में किया काम

राजू खेर ने फिल्म और टेलीविजन दोनों में अभिनेता और निर्देशक के रूप में काम किया है। उन्होंने 1990 के दशक में अभिनय शुरू किया और गुलाम, जंगल, ओम जय जगदीश, शूटआउट एट वडाला, कृष 3, मैं तेरा हीरो, ऊंची और पटना शुक्ला जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। उन्होंने कई टेलीविजन शो का निर्देशन भी किया है। 1999 का सीरियल संस्कार, साथ ही मंजिल, अभिलाषा और रेत का दरिया के लिए वह काफी मशहूर हुए।

लगा भाई अनुपम ने नहीं की मदद

आगे अपने इंटरव्यू में राजू ने कहा, 'मुझे भी किराया चुकाने का दबाव महसूस हो रहा था। मेरे पास कोई और सहारा नहीं था, मैं सिर्फ अपने भाई से बात कर सकता था, और मुझे लगा कि वह मेरी मदद करेगा। लेकिन, उस समय उसने भी काम करना बंद कर दिया था। कारण यह था कि वह उन अजीबोगरीब फिल्मों में काम नहीं करना चाहता था, वह सार्थक भूमिकाएं चाहता था। इसलिए, मुझे लगा कि मेरे भाई ने मेरी मदद नहीं की। वह कर सकता था, यही मेरा उस समय का विचार था।' राजू ने आगे बताया कि अनुपम खेर उस वक्त खुद निजी संघर्षों से गुजर रहे थे। इस वजह से वह राजू की मदद नहीं कर सके। मगर इस बात का एहसास राजू को कई साल बाद हुआ।


मनोवैज्ञानिक पारिवारिक ड्रामा है यह फिल्म, जिम्मी और दिव्या आएंगे नजर

'तुम रहे ना तुम' का टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में होगा वर्ल्ड प्रीमियर

नई दिल्ली। जिम्मी शेरगिल और दिव्या दत्ता स्टारर फिल्म 'तुम रहे ना तुम' का वर्ल्ड प्रीमियर 10 अक्टूबर को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ साउथ एशिया टोरंटो में होगा। फिल्म का प्रीमियर गाला स्क्रीनिंग के तौर पर मिसिसॉगा के सिनेप्लेक्स सिनेमाज कोर्टनी पार्क में किया जाएगा। प्रेम प्रकाश मोदी के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक मनोवैज्ञानिक पारिवारिक ड्रामा है। फिल्म में जिम्मी शेरगिल और दिव्या दत्ता मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि तनिष्का तिवारी, हर्ष छाया, जरीना वहाब और राजेश जैसे अहम किरदारों में नजर आएंगे।

नाटक 'द फादर' से प्रेरित फिल्म

फिल्म की पटकथा राकेश कुमार त्रिपाठी ने लिखी है। विक्रमजीत रॉय इसके एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं, जबकि दीपांकर 'जोजो' चाकी एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के साथ फिल्म के साउंड डिजाइनर भी हैं। फिल्म का निर्माण विन्नी चावला, डॉ. वृंदा चावला और सोनू कटियाल ने फैनैटिकली फिल्मी प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया है। 'तुम रहे ना तुम' स्वीडिश नाटककार ऑगस्ट स्ट्रिंडबर्ग के चर्चित नाटक "द फादर" से प्रेरित है। कहानी को भारतीय पारिवारिक परिवेश में रखा गया है और उत्तराखंड के एक पहाड़ी शहर की पृष्ठभूमि में एक पति-पत्नी के बीच अपनी बेटी के भविष्य को लेकर शुरू हुए टकराव को दिखाया गया है। धीरे-धीरे यह विवाद सिर्फ बेटी के फैसले तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवार के भीतर सत्ता, पहचान, भरोसे और रिश्तों को लेकर गहरे संघर्ष में बदल जाता है।



बच्चे की भविष्य पर सवाल

फिल्म परिवार और रिश्तों के जरिए यह सवाल भी उठाती है कि आखिर किसी बच्चे के भविष्य को तय करने का अधिकार किसके पास होना चाहिए। कहानी में पितृसत्ता, असुरक्षा, विरासत और माता-पिता की अपेक्षाओं के साथ-साथ उन भावनात्मक जख्मों को भी जगह दी गई है, जो लंबे समय में रिश्तों को प्रभावित करते हैं। फिल्म किसी एक किरदार को पूरी तरह सही या गलत ठहराने के बजाय दो ऐसे लोगों के बीच के संघर्ष को सामने रखती है, जिनकी अपनी कमियां और असुरक्षाएं हैं।

भारत से बाहर के दर्शकों तक भी पहुंचेगी फिल्म

फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर को लेकर जिम्मी शेरगिल ने कहा, 'तुम रहे ना तुम' की शुरुआत **IFFSA** टोरंटो में वर्ल्ड प्रीमियर के साथ होना मेरे लिए बेहद खास है। कहानी एक भारतीय परिवार से जुड़ी है, लेकिन इसमें मौजूद भावनाएं सार्वभौमिक हैं। मुझे उम्मीद है कि भाषा और भौगोलिक सीमाओं से परे यह फिल्म लोगों से जुड़ पाएगी। निर्देशक प्रेम प्रकाश मोदी ने कहा कि एक सदी से भी पहले लिखी गई कहानी का आज भी प्रासंगिक महसूस होना अपने आप में खास है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ साउथ एशिया टोरंटो के जरिए फिल्म भारत से बाहर के दर्शकों तक भी पहुंचेगी। वहीं, दिव्या दत्ता ने कहा कि परिवार, प्यार और उम्मीदों को लेकर हर संस्कृति में अपनी समानताएं होती हैं। उनके मुताबिक, फिल्म में रिश्तों को जिस तरह से दिखाया गया है, उसमें दुनिया भर के दर्शक अपनी जिंदगी की कोई न कोई झलक देख सकते हैं।

खबर संक्षेप

कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की उपचार के दौरान मौत

अम्बिकापुर। पत्थलगांव अंतर्गत ग्राम ठेलुपारा निवासी जय सिंह आ. रामजय (41 वर्ष) 5 अक्टूबर को गांव में धान मिसाई करने गया था। रात करीब 11 बजे घर आया और उल्टी करने लगा। उल्टी करने के दौरान कीटनाशक का गंध आने पर परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

सर्पदंश से गंभीर ग्रामीण की मौत, बाल-बाल बची पत्नी

अम्बिकापुर। बिस्तर में सो रहे ग्रामीण को जहरीले सांप ने डस लिया। सांप के काटने पर ग्रामीण कपड़ा को फेंका तो सांप पत्नी के ऊपर जा गया जिससे पत्नी सांप के काटने से बाल बाल बच गई। ग्रामीण को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम झुमरपारा निवासी धरम आ. बाबूलाल (40 वर्ष) 5 अक्टूबर की शाम भोज कर घर के कमरे में जमीन पर बिस्तर लगाकर पत्नी के साथ सो रहा था। इसी दौरान रात लगभग 10 बजे दाहिने हाथ के भुजा में कुछ काटने पर कपड़ा को फेंका तभी पत्नी पर करैत सांप गिर। पत्नी ने कपड़ा को तत्काल दूसरी ओर फेंका तो देखा कपड़ा में करैत सांप था। सांप को डंडे से अधमरा कर धरम को तत्काल सजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उपचार के दौरान तडके 4.15 बजे ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

पिकअप दुर्घटना में घायल, बच्ची की मौत

अम्बिकापुर। पिकअप दुर्घटना में घायल 9 माह के बच्ची की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। बच्ची को कुसमी से मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। वहीं इसके पूर्व सोमवार को घटना में दो महिलाओं की पहले ही मौत हो गई थी। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बता दें कि सोमवार को कुसमी के कोरंधा थाना अंतर्गत पिकअप क्रमांक सीजी 15 डीपी 2749 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया था। पिकअप सवार 18 ग्रामीण घर लिपाई के लिए काली मिट्टी लेने क्षेत्र के ग्राम प्रेमनगर जा रहे थे। इसी दौरान चालक अशोक किंडो ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पिकअप वाहन को पेड़ से टक्कर मार दिया था। इस हादसे में पिकअप वाहन सवार देवरी निवासी 40 वर्षीया सूरजमणि पति बालेश्वर व 30 वर्षीया किरण पति कपिल की मौत हो गई थी जबकि घटना में महिला, पुरुस व बच्चे समेत 9 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। इसी घटना में 9 माह की बच्ची एलिसा कुजूर आ. अजीत कुजूर भी अपने माता-पिता के साथ गंभीर रूप से घायल हो गई थी। बच्ची को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था।

दूरस्थ स्कूलों में पहुंचीं कलेक्टर रोक्तिमा, बच्चों से किया सीधा संवाद

कलेक्टर ने विद्यार्थियों से हल कराएं गणित के सवाल

कक्षा 9वीं और 10वीं की छात्राओं से ब्लैकबोर्ड पर गणित के सवाल हल करवाए

प्रत्येक लड़की का आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सक्षम होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने सोनहत विकासखंड के ग्राम उज्ञाव और बंशीपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों की शैक्षणिक समझ परखी और शिक्षण व्यवस्था की जानकारी ली।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों से पढ़ाई के संबंध में सवाल किए। कक्षा 9वीं और 10वीं की छात्राओं से ब्लैकबोर्ड पर गणित के सवाल हल करवाए, वहीं प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों से पहाड़े और कविताएं सुनीं। बच्चों की शैक्षणिक समझ और उत्साह देखकर उन्होंने उनका उत्साहवर्धन किया। छात्राओं से संवाद करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। सपने देखना, उनका पूरा होना और कभी बिखर जाना भी जीवन का हिस्सा है। सफलता और असफलता दोनों परिस्थितियों में अपने लक्ष्य से विचलित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक लड़की का आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सक्षम होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह मायने नहीं रखता कि कोई गांव से है या शहर से अथवा आर्थिक रूप से संपन्न परिवार से या कमजोर परिवार से। अभावों में पले-बढ़े अनेक लोगों ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर देश-दुनिया में पहचान बनाई है। विद्यार्थियों को हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए और मन में किसी तरह की हीन भावना नहीं रखनी चाहिए। कलेक्टर ने बच्चों से कहा कि वे अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं से खूब सवाल करें। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह प्रकृति में अलग-अलग तरह के पेड़, पौधे और फूल होते हैं, उसी तरह समाज में भी हर व्यक्ति की अपनी विशेषता और महत्व है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय के प्राचार्य मेही लाल को पढ़ाई में गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए और लापरवाही पर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के साथ सामान्य ज्ञान, प्रतियोगी परीक्षाओं और विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी भी दी जाए।

छात्रावास में कलेक्टर ने परखी व्यवस्थाएं

कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने सोनहत विकासखंड के दूरस्थ ग्राम बंशीपुर स्थित बालक छात्रावास का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई-लिखाई, नियमित मिलने वाले नाश्ता-भोजन, स्वास्थ्य परीक्षण और छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने छात्रावास के शयनकक्ष का निरीक्षण करते हुए बिस्तर, चादर, कंबल, पंखे और साफ-सफाई की स्थिति देखी। उन्होंने अधीक्षक को सभी आवश्यक सामग्री व्यवस्थित और साफ-सुथरी रखने तथा बच्चों की सुविधाओं और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने खिड़कियों में उचित जाली लगाने और छात्रावास में अधीक्षक का नियमित रात्रि प्रवास सुनिश्चित करने को कहा। अव्यवस्था मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए केवल भोजन और रहने की व्यवस्था पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी पढ़ाई भी गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए। उन्होंने प्रत्येक शनिवार को सामान्य ज्ञान, समाचार-पत्र वाचन, खेलकूद और योगाभ्यास जैसी गतिविधियां कराने के निर्देश दिए। साथ ही बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार कर उनकी झिझक दूर करने तथा वाद-विवाद जैसी रचनात्मक गतिविधियों के आयोजन पर जोर दिया।



अब जरूरी दस्तावेजों के लिए नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर

शिक्षा मंत्री के निर्देश पर विद्यार्थियों को राहत

बैकुण्ठपुर। विद्यार्थियों और अभिभावकों को शैक्षणिक दस्तावेजों से जुड़े कार्यों के लिए अनावश्यक परेशानी न हो और उन्हें अपने जरूरी दस्तावेज समय पर मिल सकें, इसे लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने पहल की है। मंत्री के निर्देश के बाद छग माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाओं को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समयबद्ध किए जाने की व्यवस्था की गई है। इससे विद्यार्थियों को अपने जरूरी शैक्षणिक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने की समस्या से राहत मिलेगी। नई व्यवस्था के तहत विद्यार्थियों को डुप्लीकेट माइग्रेशन प्रमाण-पत्र, डुप्लीकेट अंकसूची, उत्तरपुस्तिका की पुर्नगणना एवं पुर्नमूल्यांकन तथा उत्तरपुस्तिका की फोटोकॉपी जैसी सेवाएं निर्धारित प्रक्रिया और समय-सीमा के भीतर उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। दस्तावेज के अनुसार इन सेवाओं के लिए निर्धारित समय-सीमा भी तय की गई है। डुप्लीकेट माइग्रेशन प्रमाण-पत्र और डुप्लीकेट अंकसूची के लिए 60 दिवस की समय-सीमा निर्धारित है। वहीं उत्तरपुस्तिका की पुर्नगणना, पुर्नमूल्यांकन और फोटोकॉपी से संबंधित सेवाओं के लिए भी निर्धारित प्रक्रिया के बाद 60 दिवस की समय-सीमा रखी गई है। मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने ही दस्तावेजों के लिए परेशान होना पड़े, यह स्थिति स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम के बाद विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक दिन महत्वपूर्ण होता है। उच्च शिक्षा में प्रवेश, छात्रवृत्ति, प्रतियोगी परीक्षाओं और अन्य शैक्षणिक कार्यों के लिए समय पर दस्तावेज उपलब्ध होना जरूरी है। ऐसे में विद्यार्थियों को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध व्यवस्था उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री श्री यादव ने कहा कि हमारी कोशिश है कि विद्यार्थी पढ़ाई और अपने भविष्य पर ध्यान दें, उन्हें सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने में अपना समय और ऊर्जा खर्च न करनी पड़े। लोक सेवा गारंटी के माध्यम से सेवाओं को समय-सीमा से जोड़ने का उद्देश्य यही है कि विद्यार्थियों को उनके जरूरी कार्यों के लिए स्पष्ट व्यवस्था मिले और अनावश्यक विलंब की स्थिति न बने। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था को विद्यार्थी केन्द्रित बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। स्कूल शिक्षा विभाग का प्रयास है कि विद्यार्थियों को स्कूल से लेकर परीक्षा और उच्च शिक्षा तक हर स्तर पर सुविधाजनक एवं पारदर्शी व्यवस्था मिले। इसी क्रम में माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबंधित सेवाओं को समयबद्ध किए जाने से विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बड़ी राहत मिलेगी। शिक्षा मंत्री श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विद्यार्थियों से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ काम किया जाए और निर्धारित समय-सीमा का पालन सुनिश्चित किया जाए। सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि किसी विद्यार्थी को केवल दस्तावेज प्राप्त करने या परीक्षा संबंधी प्रक्रिया के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

मिनी स्टेडियम में बनी विशाल रंगोली

सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर की रही थीम

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा के रंग राष्ट्र के संग थीम पर बुधवार को रामानुज स्कूल ग्राउंड स्थित मिनी स्टेडियम में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में विशाल रंगोली का निर्माण किया गया। 76 वाई 76 वर्गफीट क्षेत्रफल में तैयार की गई इस रंगोली की थीम सर्जिकल स्ट्राइक एवं ऑपरेशन सिंदूर रखी गई थी। रंगोली को देखने के लिए बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी और नागरिक पहुंचे। जिला प्रशासन कोरिया के समन्वय तथा जिला नोडल प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर, शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर के मार्गदर्शन में रंगोली का निर्माण किया गया। सहायक नोडल डॉ. विनय कुमार शुक्ला एवं भूपेंद्र सिंह तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जयश्री प्रजापति एवं अनुरंजन कुजूर के संयोजन में जिले के आठ उच्च शैक्षणिक संस्थानों के चयनित विद्यार्थियों एवं रासेयो स्वयंसेवकों ने इसमें भाग लिया।

रंगोली निर्माण में करीब 120 विद्यार्थियों और रासेयो स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों ने प्राकृतिक उत्पादों, अनाज, फूल-पत्तियों एवं विभिन्न रंगों का उपयोग कर विशाल रंगोली तैयार की। विभिन्न संस्थानों से आए प्रभारी शिक्षकों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव अग्रणी महाविद्यालय से डॉ. अर्चना पाण्डेय, डॉ. कुलदीप ओझा, राधेश्याम पटेल, संदीप मिश्रा, ईप्सा अरुण एवं रश्मिक कौर, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय से श्रीमती कनकलता पैकरा एवं रिचा, पं. ज्वाला प्रसाद उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय पटना से पूनम टोप्पो, नवीन शासकीय महाविद्यालय पोड़ी बचरा से बेचुलाल सोनवानी, मार्गदर्शन संस्थान शिक्षा महाविद्यालय से एनपी सिंह, शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय से हेमंत कुमार तथा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से रोबिन कुजूर एवं आशुतोष शर्मा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

बच्चों ने दी मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां

चरचा कॉलरी। संकल्प दिवस के अवसर पर चरचा क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा संयुक्त रूप से आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओ एवं सहायिकाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए महिला एवं बाल स्वास्थ्य, पोषण तथा सामुदायिक जागरूकता का संदेश दिया। नगर पालिका शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक 7 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में भाजपा मंडल शिवपुर-चरचा की मौजूदगी में भी आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों ने रंगारंग एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का माहौल बना दिया। उपस्थित लोगों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रस्तुतियों की सराहना की। आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं के लिए गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गर्भवती महिलाओं का सम्मान कर उनके स्वस्थ मातृत्व एवं सुरक्षित प्रसव की कामना की गई। वहीं छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। इस दौरान बच्चों को पोषणयुक्त आहार के महत्व की जानकारी देते हुए उनके बेहतर स्वास्थ्य और विकास के लिए संतुलित पोषण पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से लगातार सेवाएं प्रदान करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ, सहायिकाओं एवं मितानिनों का सम्मान किया गया। अतिथियों ने उनके द्वारा महिला एवं बाल स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण, मातृ-शिशु देखभाल तथा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने में निभाई जा रही भूमिका की सराहना की।



एमसीबी में निकली सेवा ज्योति यात्रा

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



सेवा संकल्प अभियान के तहत एमसीबी जिले में जिला स्तरीय सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन स्वामी आत्मानंद विद्यालय परिसर से किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा से राष्ट्रसेवा के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन से प्रेरणा लेते हुए सेवा, समर्पण, जनभागीदारी तथा विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणजनों एवं नागरिकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्रीयगान के साथ किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व गृह मंत्री राम सेवक पैकरा, भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह, बाबूलाल अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री के संबोधन के पश्चात सेवा ज्योति यात्रा को तीन अलग-अलग मार्गों से आगे बढ़ाया गया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों ने स्वामी आत्मानंद विद्यालय प्रांगण से शहीद भगत सिंह चौक होते हुए पीडब्ल्यूडी चौक तक यात्रा में सहभागिता की। इसी क्रम में पूर्व गृह मंत्री राम सेवक पैकरा एवं जनप्रतिनिधियों ने स्वामी आत्मानंद विद्यालय प्रांगण से होटल हसदेव इन होते हुए पीडब्ल्यूडी चौक तक यात्रा में सहभागिता की। कार्यक्रम में चम्पादेवी पावले, अनिल केसरवानी, लखनलाल श्रीवास्तव, प्रदीप सलूजा, रामनरेश राय, संतोष सिंह, प्रतिमा यादव, धर्मेन्द्र पटवा, विरेन्द्र सिंह राणा, कौशल पटेल, रीमा यादव, अभिषेक पाण्डेय, राजकुमार बधावन, संजय राय, आशीष सिंह, गौरी सिंह, सरोज यादव, रामलाल साहू, द्वारिका जायसवाल, आशीष मजूमदार, प्रवीण सिंह, हीरालाल यादव, पवन शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आग से झुलसी वृद्धा की उपचार के दौरान मौत

अम्बिकापुर। आग की चपेट में आने से गंभीर हुई वद्धा की शहर की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम सरनापारा हरगवां निवासी बुधेश्वरी पैकरा पति स्व. रामू पैकरा (67 वर्ष) 4 अक्टूबर की शाम घर में चूल्हा के पास आग ताप रही थी। इसी दौरान आग की चपेट में आ गई जिससे वृद्धा शोर मचाने लगी। वृद्धा की आवाज सुन कर परिजन मौके पर पहुंचे और पानी से किसी तरह आग को बुझा कर वृद्धा को शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान वृद्धा की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

ट्रैक्टर ट्राला से टकराकर बाइक सवार दो दोस्तों की मौत, एक गंभीर

अम्बिकापुर। राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर एक बेतरतीब ढंग से खड़े वाहन लोगों की मौत का कारण बन रहे है। एक बार फिर से एनएच किनारे खड़े ट्रैक्टर ट्राला के टकराकर बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। वहीं घटना में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसका उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है। एक साथ दो दोस्तों की मौत से परिजन सदमें में है जबकि क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि सोमवार को बतौली थाना अंतर्गत ग्राम कुनकुरी निवासी 27 वर्षीय मुन्ना राम आ. राजनाथ पैंकरा अपने दोस्त भटको निवासी 24 वर्षीय अजय प्रधान उर्फ अज्जू आ. महेश प्रधान के साथ किसी काम से अंबिकापुर गया हुआ था। देर शाम दोनों युवक बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान रास्ते में उन्होंने एलुमिना फैक्ट्री में काम करने वाले अपने दोस्त पथरई निवासी 28 वर्षीय राजमोहन आ. सुंदर राम को भी अपने साथ ले लिया। तीनों युवक बाइक से वापस लौट रहे थे। इस बीच रात लगभग 8.30 बजे जैसे ही वे एनएच 43 पर झरगवां मोड़ पर पहुंचे सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से व बिना संकेतक के खड़े ट्रैक्टर के ट्राला से युवकों की बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों युवक सड़क पर बिखर गये। इस हादसे में मुन्ना राम की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने अजय प्रधान उर्फ अज्जू को भी मृत घोषित कर दिया।



घटना स्थल पर पड़ा घायल।

आज भी कायम है सादा जीवन-उच्च विचार की मिसाल

96 मतदाताओं की वंश परंपरा, फिर भी सादगी और भाईचारे को सर्वोच्च मानता है चंद्रा परिवार

हरिभूमि न्यूज. बिजुरी

पितृ पक्ष केवल अपने पूर्वजों को धार्मिक रूप से तर्पण करने का अवसर नहीं, बल्कि उनकी स्मृतियों, संस्कारों, आदर्शों और जीवन मूल्यों को याद करने का भी समय है। पूर्वजों द्वारा दी गई परंपराओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना और परिवार को एकजुट बनाए रखना भी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि माना जा सकता है। इसी सोच और पारिवारिक परंपरा को वर्षों से संजोए हुए है नगर के वार्ड क्रमांक-01 स्थित मौहरी का चंद्रा परिवार। चंद्रा परिवार की वंशावली पूरे बिजुरी क्षेत्र की पुरानी वंशावलियों में शामिल मानी जाती है। पीढ़ी-दर-पीढ़ी परिवार का विस्तार होता गया और आज इसी वार्ड में इस वंश परंपरा से जुड़े परिवारों की संख्या काफी बढ़ चुकी है। परिवार की विस्तृत वंश परंपरा में कई वरिष्ठ पूर्वजों के



साथ स्वर्गीय रामदीन और महीपाल से आगे बढ़ी पीढ़ियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इन्हीं से आगे बढ़ती पारिवारिक शाखाओं के सदस्य आज अलग-अलग परिवारों के रूप में रहते हुए भी एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। वर्तमान में इस विस्तृत वंश परंपरा से जुड़े 96 लोग मतदाता सूची में दर्ज मतदाता हैं। एक ही वंश परंपरा से जुड़े 96 मतदाताओं की संख्या स्थानीय निकाय चुनावों की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा सकती है। वार्ड पार्षद से लेकर नगर पालिका अध्यक्ष जैसे चुनावों में इतनी संख्या किसी भी उम्मीदवार के लिए महत्वपूर्ण आधार बन सकती है। इसी वंश परंपरा में स्वर्गीय भरोसा चंद्रा की संतानें जग्गू चंद्रा और स्वर्गीय भगोला चंद्रा भी महत्वपूर्ण कड़ी रहे। दोनों ने अपने पिता से मिले संस्कारों, अनुशासन और पारिवारिक मूल्यों को जीवन में अपनाते हुए अपनी सामाजिक एवं पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। जग्गू चंद्रा के परिवार में एक पुत्र और दो पुत्रियां हुईं, जबकि स्वर्गीय भगोला चंद्रा के परिवार में चार पुत्र और एक पुत्री हुईं। समय के साथ इन परिवारों की अगली पीढ़ियां भी बढ़ती गईं। आज इन पारिवारिक शाखाओं का दायरा 45 से अधिक सदस्यों तक पहुंच चुका है। वहीं व्यापक वंश परंपरा से जुड़े मतदाताओं की संख्या 96 तक पहुंच चुकी है।

बड़ा परिवार, लेकिन रिश्तों में नहीं आई दूरी

आज जब परिवारों के बढ़ते आकार के साथ आपसी मतभेद और दूरियां बढ़ने की बातें आम हो गई हैं, ऐसे समय में चंद्रा परिवार ने अपनी पारिवारिक परंपरा और रिश्तों की गर्माहट को बनाए रखा है। परिवार के सदस्यों के बीच आज भी आपसी तालमेल, सहयोग, सम्मान और भाईचारा देखने को मिलता है। किसी सदस्य के घर सुख का अवसर हो या दुख की घड़ी, पारिवारिक आयोजन हो या किसी सदस्य के सामने कोई आवश्यकता—परिवार के लोग अपनी क्षमता के अनुसार एक-दूसरे के साथ खड़े नजर आते हैं। वरिष्ठों का सम्मान और नई पीढ़ी को परिवार की परंपराओं, संस्कारों तथा रिश्तों से जोड़े रखना परिवार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है।

पितृपक्ष की नौवीं तिथि पर जुटता है पूरा परिवार

चंद्रा परिवार की पारिवारिक एकता का सबसे बड़ा उदाहरण प्रत्येक वर्ष पितृपक्ष की नौवीं तिथि पर होने वाला पारिवारिक आयोजन है। इस अवसर पर परिवार के सदस्य अपने पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए सामूहिक रूप से पितृपक्ष मनाते हैं। इस आयोजन की खास बात यह है कि इसमें केवल परिवार के सदस्य ही शामिल नहीं होते, बल्कि बेटियां, दामाद और उनके बच्चे भी बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। परिवार के अनुसार, हर वर्ष इस अवसर पर लगभग 150 से अधिक लोग एक साथ बैठकर भोजन करते हैं।

